ॐ भूर्भुवः स्वः

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ

एक परिचय

- गठन -22 दिसम्बर 1995

आदरणीय मनीष भैया के साथ अन्य चार भाई के द्वारा शुरू किया गया | इस अभियान के तहत 2017 तक मुख्य वक्ता एवं अतिथी के रूप में हमारे मिशन प्रमुख श्रेदय प्रणव पण्ड्या जी, आदरणीय विशेश्वर उपाध्याय बाबु जी, आदरणीय कालीचरण बाबु जी, आदरणीय चिन्मय भैया, आ० डॉ० ओ० पी० शर्मा बाबु जी, आदरणीय के० पी० दुबे जी के साथ शांतिकुंज के बड़े भाइयों इत्यादि का मार्गदर्शन समय-समय मिलता रहा है, जो हमें मजबुत बनाता है|

युवा प्रकोष्ठ के कार्यो से प्रभावित होकर हमारे भाइयो को प्रोत्साहित करने के लिए वर्तमान में जो देश के राष्टपति है, श्री रामनाथ कोविंद जी जो बिहार के राज्यपाल थे, तीन बार आ चुके है| बिहार के मुख्यमंत्री श्री नितिश कुमार जी दो बार, बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी जी दो बार, साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जी, श्री अश्विनी चौबे जी , श्री राधा मोहन सिंह जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम माझी जी, उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी जी , राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव जी , के साथ बिहार सरकार के लगभग मंत्री, आई.ए.एस, आई.पी.एस और आई.आर.एस आ चुके है|

दिनांक 2017 तक सदस्यों की कुल संख्या 1.5 लाख से अधिक हो चुकू है। जिसमें हमारे पास लगभग 3000 से 4000 ठोस कार्यकर्ता है।

हमारी मुख्य गतिविधियां : -

1) सप्ताहिक गोष्ठी : -

रविवार : - सुबह : - 08:00 से 10:00

शाम : - 04:00 से 06:00

(इस गोष्ठी के माध्यम से लगभग 300 से 400 नये भाई जुड़ते है)

2) नुक्कड़ सभा : -

सप्ताह में लगभग 2 से 3 दिन अलग- अलग जगहों पर मिशन से आधारित नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाता है | जिसके माध्यम से अपने मिशन के बारे में लोगों को रु-बरु कराया जाता हैं |

3) साहित्य स्टॉल : -

पटना मे लगभग 30 जगहों पर साहित्य स्टॉल लगाकर गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है इस कार्य मे लगभग 300 से 400 सक्रिय भाई लगे हैं |

4) झोला पुस्तकालय : -

प्रत्येक दिन दोपहर में लगभग 2 घंटा रूम – रूम जाकर गुरुदेव के विचारों को पहुचाने का काम लगभग 200 से 250 भाई करते है |

5) व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला : -

प्रत्येक माह दो व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला का आयोजन किया जाता हैं ,जिसमे लगभग 150 भाइयों को शामिल किया जाता है| पाँच दिन में 10 अलग – अलग मिशन के विषयों पर विचार रखा जाता है और यही भाई हमारे ठोस कार्यकर्ता के रूप में गुरुदेव के कार्यो में लग जाते हैं|

- दिसम्बर 2017 तक 104 बैच पूरा हो चुका है|

6) बाल संस्कार शाला : -

पुरे पटना में लगभग 40 स्थानों पर बाल संस्कार शाला चलाया जाता है , जिसमें झुग्गी -झोपड़ी के बच्चों एवं बच्चियों को सोमवार से शनिवार तक शाम 04:00 से 06:00 तक पढ़ाने का कार्य किया जाता है | इसका स्थान फुटपाथ, रेलवे प्लेटफार्म, मंदिर, सरकारी स्कुल के बरामदा इत्यादी होता है|

- कुल शिक्षकों की संख्या – 900 से 1000
- कुल विद्यार्थी की संख्या – 14 से 15 हजार

- नोट : - बाल संस्कार शाला में वही भाई पढ़ाने जाते हैं जो पाँच दिन का व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला कर चुंके होते हैं |

7) सांस्कृतिक कार्यक्रम : -

इस अभियान के तहत बाल संस्कारशाला में पढ़ने वाले बच्चे एवं बच्चियों को युवा प्रकोष्ठ के द्वारा योग,नृत्य, मार्शल आर्ट,संगीत इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाता हैं | यह कार्य विधार्थीयों को शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक रूप से मजबुत बनता है|

8) व्यसन मुक्ति : -

जगह-जगह पर अच्छे सदवाक्यों के माध्यम से और रैलीयों के माध्यम से व्यसनमुक्ति अभियान चलाया जाता है |

9) गंगा सफाई : -

प्रत्येक रविवार की सुबह 05:00 से 07:00 बजे तक पटना के कई घाटों पर सैकड़ों भाइयों के द्वारा सफाई अभियान चलाया जाता है |

10) वृक्षा रोपण :-

बाल संस्कारशाला के बच्चों, बच्चियों एवं भाइयों के जन्मदिन पर और हमारे यहाँ से जुडे सदस्यों के विवाह दिवस के अवसर पर समूहिक रूप से वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया जाता है

10) खेल -कूद प्रतियोगता :-

बाल संस्कारशाला के बच्चों एवं बच्चियों के सम्पूर्ण विकास के लिए उनके के बीच खेल-कूद प्रतियोगता जिसमें कबड्डी ,दौड़, बैडमिंटन ,फुटबॉल इत्यादि आयोजन किया जाता है|और मनोबल बढाने के लिए पुरुस्कार वितरण किया जाता है| इस अभियान में हमारे पढ़ाने वाले भाई भी शामिल होते हैं|

11) स्वच्छता अभियान :-

सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को पटना के 40 अलग अलग मुहल्लों में बाल संस्कारशाला में पढ़ाने वाले भाइयों , बच्चों ,बच्चियों एवं उनके आभिवावक के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है

12) आपदा प्रबंधन :-

युवा प्रकोष्ठ के भाइयों द्वरा जब जब प्रकृतिक आपदाएँ आती हैं । अपने पॉकेट मनी का अधिकतर अंश देकर सहयोग करते है साथ ही पूरी टीम वहाँ पहुँचकर जनसेवा का कार्य करती है ।

13) इंटरनेट विचार क्रांति :-

भाइयों के द्वरा इंटरनेट के माध्यम से गुरुवार का विचार , सद्वाकय , कार्यक्रम की सुचनाएँ एवं सप्तआंदोलन की जानकारी दी जाती है ।

- 12 जनवरी :- युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस कार्यक्रम में लगभग 10 हजार से अधिक भाइयों , बहनों और अभिवाकों की संख्या होती है, उन्हों युवा प्रेरणा विवेकानंद की जीवन चरित्र से रूबरू कराया जाता है ।
- 26 जनवरी :- गणतन्त्र दिवस को सभी बाल संस्कारशाला में मनाया जाता है । पिछले वर्ष जो मिशन के कार्यों में समय देते हुये अच्छे अंक लाते है उन्हों पुरस्कृत किया जाता है ।
- बंसन्त पंचमी :- गुरुवर के आध्यात्मिक जन्मदिन पर लगभग 1500 भाइयों द्वारा एक दिन पहले सामूहिक साधना किया जाता है साथ ही पूरे सादगी के साथ बंसन्त पर्व मनाया जाता है ।
- अश्लीलता निवारण दिवस :- होली के पूर्व संध्या पर भाइयों द्वरा अश्लील चित्रों को जलाकर , रैली के माध्यम से लोगों को अश्लीलता निवारण के बारे में बताने का प्रयास किया जाता है ।
- होली मिलन समारोह :- युवा प्रकोष्ठ के भाइयो के द्वारा आपसी भाईचारा को मजबुत बनाने के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है ।
- चैत्र नवरात्रा:- प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्र मे लगभग 1000 भाइयो के द्वारा समूहिक साधना सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक शक्तिपीठ पर किया जाता है ये सभी भाई इस

दरम्यान उपवास व्रत का पालन करते है । साथ ही 24 हजार मंत्र का जप का संकल्प पूरा करते है।

- 31 मई :-व्यसन मुक्ति दिवस के अवसर पर लगभग 5000 भाइयों द्वारा रैली के माध्यम से व्यसन मुक्ति के लिए जागरूक किया जाता है ।
- 21 जून :- योग दिवस पटना के बड़े स्टेडियम मे मनाया जाता है इसमे लगभग 15 से 20 हजार लोग उपस्थित रहते हैं।
- गुरु पुर्णिमा :- गुरुवर के प्रति श्रद्धा का अंश समर्पित करते हुये लगभग 1500 भाइयों द्वारा एक दिन पहले सामूहिक साधना किया जाता है, साथ ही पूरे सादगी के साथ गुरु पुर्णिमा पर्व मनाया जाता है ।
- परिवारिक सम्मेलन:- मिशन से जुड़े भाइयों को परिवार बेहतर बनाने में भूमिका के बारे में बताया जाता है । साथ उन्हे अपने मिशन के बारे मे बता कर अपने मिशन से जोड़ा दिया जाता है ।
- 15 अगस्त :- स्वत्नत्रा दिवस को सभी बाल संस्कारशाला में मनाया जाता है । पिछले वर्ष जो मिशन के कार्यों में समय देते हुये अच्छे अंक लाते है उन्हों पुरस्कृत किया जाता है।
- शिक्षक दिवस - इस असवर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है| जिसमे पुरे पटना के गणमान्य शिक्षकों को गुरुवर के साहित्य एवं चादर से सम्मानित किया जाता है | साथ ही राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका के बारे में बतलाया जता है | इसमें लगभग 300 से 400 शिक्षको सम्मलित किया जाता हैं|
- नवरात्र साधना :- प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्र मे लगभग 1000 भाइयो के द्वारा समूहिक साधना सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक शक्ति पीठ पर किया जाता है ये सभी भाई इस दरम्यान उपवास व्रत का पालन करते है । साथ ही 24 हजार मंत्र का जप का संकल्प पूरा करते है।
- जिलास्तारिये कार्यक्रम - महिना में दो वार अलग अलग जिलो में अपने गायत्री परिवार को मजबुत बनाने एवं पुराने कार्यकर्त्ता को उत्साहित करने के लिये जिलास्तारिये गोष्ठी किया जता है|
- YOUTH EXPO:-प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव के रूप में youth expo का आयोजन वर्ष के अंत में किया जाता है इस कार्यक्रम को पटना के बड़े स्थल पर आयोजित किया जाता

है इसमें 15000 से 1 लाख तक की संख्या होती है इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने मिशन की गतिविधियों को पूरे समाज के नई पीढ़ियों के पास पहुंचाना होता है। इस कार्यक्रम की मुख्य बात यह है, कि इसमें 15 वर्ष से 35 वर्ष के 90% छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे उत्तर भारत के युवाओं को गुरुदेव के विचारों से अवगत कराया जाता है ।

- शांतिकुंज भ्रमण:- वर्ष के अंत में लगभग 500 भाई युवाओं के तीर्थ शांतिकुंज आते है। गुरुदेव एवं माता जी के संदेशों को लेकर जन जन तक पाहुचते है ।
    -
- प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ पटना ,बिहार

  गायत्री शक्तिपीठ,प्रथम तल, कंकरबाग पटना -20

  Email:-pypbihar@gmail.com
  Website:-www.pypobihar.org

  Phone:- 0612-2355388

  Mobile no:-0968816777,09430832777

14) दीप यज्ञ
15) कलाम जयंती
16) रक्षा बंधन
17) राज्यवर युवा सम्मेलन